# सीएम योगी से मिले कोरिया के उद्योगपति



लखनऊ। कोरिया गणराज्य के निवेशकों व उद्योगपतियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने बृहस्पतिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर भेंट की। कोरिया के उद्योगपतियों ने मुख्यमंत्री के साथ प्रदेश में निवेश तथा अन्य मुद्दों पर चर्चा की। मुख्यमंत्री से भेंट करने वाले प्रतिनिधिमंडल में सेंक्वांग कंपनी के निदेशक सुंग जे चो, सेनाटेक के प्रबंध निदेशक चांग यून वू, चवाटेक इंडिया के निदेशक यून ह्यून सिक और डोंगयांग पावर के प्रबंध निदेशक जेयोंगक्वान पार्क शामिल थे। ब्यूरो